Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Expeditious Setting up of Sanctioned Kendriya Vidyalayas in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और माननीय शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमंद की महत्वपूर्ण मांग को पूरा करते हुए मेड़ता, भीम और राजसमंद को एक-एक नया केन्द्रीय विद्यालय दिया। ये प्रस्तावित तीनों केन्द्रीय विद्यालय अभी तक शुरू नहीं हुए हैं। इनको खोलने के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। केन्द्रीय विद्यालयों के संचालन हेतु अस्थाई भवन का चयन और विद्‌युत कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति हेतु सारी कार्रवाई कर ली गई है।

मेरी सरकार से मांग है कि इन तीनों केन्द्रीय विद्यालयों को जल्द से जल्द शुरू किया जाए। इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जैतारण विधानसभा से नए केन्द्रीय विद्यालय का प्रस्ताव भी राज्य से भिजवा दिया गया है। इस सम्बंध में सरकार आवश्यक कार्रवाई करे।